**खबर संक्षेप**

## डैम में डूबने से युवक की, इलाज दौरान बालिका की हुई मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत निवार चौकी के ठहरका डैम में बुधवार को एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नयागांव लखेरा निवासी शनि सेन ठरका डैम गया हुआ था। दोपहर करीब 3:20 बजे वह बांध के गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मृतक के साथी ने पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र में हादसे में घायल हुई 12 वर्षीय मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बड़वारा निवासी इच्छा कुम्हार 12 वर्ष बीते 26 मई की शाम एक पेड़ की भारी टहनी गिरने से बच्ची को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणों की जांच कर रही है।

## बाल संत महाराज के आगमन पर किया स्वागत

**उमरियापान।** सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ आश्रम के पूज्य बाल संत जी महाराज का उमरियापान आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे के निवास पर संत महाराज का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ स्वागत किया गया। संत महाराज के आगमन पर परिवारजनों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से उनका पूजन-अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने तिलक वंदन कर पुष्पमालाएं अर्पित की। आरती उतारकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल बना रहा।कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संत महाराज के श्रीचरणों में नमन करते हुए जीवन में धर्म, सेवा और संस्कारों के महत्व पर उनके सुविचारों को सुना। श्रद्धालुओं ने भी बारी-बारी से संत महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

## सहायक आपूर्ति अधिकारी को दी गई विदाई



**स्लीमनाबाद।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में पदस्थ सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला का गत दिनों ट्रांसफर कटनी से भोपाल हो गया। वे बहोरीबंद में फूड इंस्पेक्टर पद का दायित्व संभाल रहे है। उनके स्थानांतरण होने के बाद बहोरीबंद के समिति प्रबंधको द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में उनके सहज मिलनसार व उनकी कार्यक्षमता की सराहना की गई। समिति प्रबंधको ओर वेयर हाउस संचालको द्वारा शाल श्रीफल भेटकर भव्य विदाई दी गई। इस दौरान रवि दुबे, अजय नायक, लक्ष्मी महतो सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

### शहर की तंग गलियों से लेकर व्यस्ततम क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर कारोबार

# महंगी न पड़ जाये अनदेखी: फायर सेफ्टी नियमों को दरकिनार कर प्रतिष्ठानों व गोदामों का संचालन

### सात प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, सुरक्षा उपकरणों के नियमित मेंटेनेंस एवं मानकों के पालन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसी भीषण दुर्घटना या हादसे के बाद ही प्रशासनिक अधिकारी सचेत होते हैं यह बात किसी से छिपी नहीं है। जब भी ऐसी त्रासदी होती है तो कुछ समय के लिये प्रशासनिक मशीनरी बेहद एक्टिव नजर आने लगती है लेकिन समय के साथ सब कुछ बिसरा दिया जाता है। नगर के अति व्यस्ततम क्षेत्रों से लेकर तंग गलियों में गोदामों से लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, कोचिंग सेंटरों आदि का संचालन किया जा रहा है लेकिन सुरक्षा मानकों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। दशकों से चल रहे प्रतिष्ठानों, गोदामों एवं होटलों व लॉज में फायर सेफ्टी सुरक्षा के इंतजामों की व्यवस्था नहीं है। शहर में अब निगम प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में संयुक्त टीम व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, लॉज, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक भवनों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच कर रही है तथा कमियों को दूर करा रही है। निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का उद्देश्य संभावित अग्नि दुर्घटनाओं में जन-धन की हानि रोकना और सुरक्षा संसाधनों को क्रियाशील रखना है। इसी क्रम में गुरुवार को बरगवां क्षेत्र के सात प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अधिकांश स्थानों पर फायर सिस्टम मिले, लेकिन कुछ जगह नियमित मेंटेनेंस और परीक्षण में कमी पाई गई।

### इन प्रतिष्ठानों की हुई जांच

कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि एमपी 21 होटल एंड बार, इंडियन कॉफी हाउस, कल्प रेस्टोरेंट, आस्था प्लाजा, विशाल मेगा मार्ट, पंजाब सिंध बैंक और एक्सिस बैंक का निरीक्षण किया गया। संचालकों को उपकरणों का नियमानुसार मेंटेनेंस, सुरक्षा मानकों का पालन और सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी चल रही है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक उपयोग वाले सभी भवनों एवं प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका नियमित परीक्षण, सुरक्षित निकासी मार्ग, आपातकालीन व्यवस्थाएं तथा अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। जन सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

नगर निगम ने नागरिकों एवं प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा को केवल औपचारिकता न मानें, बल्कि इसे जनहित और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में लें। सुरक्षित प्रतिष्ठान और जागरूक प्रबंधन ही दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम कर सकते हैं। निगम का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि शहर में सुरक्षित एवं जिम्मेदार वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# 27.88 लाख रूपये के गबन पर मामला पंजीबद्ध

### उमरियापान थाना क्षेत्र की घटना, नामजद दर्ज कराई गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान थाना क्षेत्र में लाखों रूपये के गबन की घटना सामने आई है। 'भारत फाइनेंस इनक्लूजन लिमिटेड कंपनी' की स्थानीय शाखा में कार्यरत दो कर्मचारियों ने कंपनी के साथ विश्वासघात करते हुए लाखों रुपये का गबन कर लिया। आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर कंपनी की एक बड़ी रकम को खुद के उपभोग में उड़ा दिया। ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने दोनों शातिर कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला भारत फाइनेंस इनक्लूजन लिमिटेड कंपनी की उमरियापान ब्रांच का है। कंपनी के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर राजेश कुमार पटेल निवासी बलदेव बाग, जबलपुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि कंपनी में कार्यरत दो फील्ड कर्मचारियों ने मिलकर वित्तीय हेराफेरी को अंजाम दिया है। आरोपियों ने ग्राहकों से कलेक्शन की गई राशि और कंपनी के खातों में हेरफेर करते हुए कुल 27,88,276/- रुपये की भारी-भरकम राशि का गबन कर लिया और उस पैसे को स्वयं के उपयोग में ले लिया।

मामले में पुलिस ने जिन दो आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है, वे बाहरी जिलों के रहने वाले हैं और यहाँ कंपनी में फील्ड या अन्य स्टाफ के रूप में कार्यरत थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुन्ना राजपाली पिता बाबूलाल राजपाली, निवासी नयाखेड़ा, थाना मढ़िया दो, तहसील हटा, जिला दमोह एवं दीपक कुमार कोल पिता राजेश कोल, निवासी खम्हरिया, थाना खमरिया, जिला जबलपुर के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इस धोखाधड़ी की शुरुआत 27 मार्च 2025 से ही चल रही थी। कंपनी के आंतरिक ऑडिट और जांच के बाद जब गबन की पुष्टि हुई, तब जाकर पुलिस में लिखित शिकायत की गई। उमरियापान पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर पलटा, 9 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को बिजौरी गांव के पास यात्रियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन महिलाएं और एक बच्ची सहित कुल 9 लोग घायल हो गए। हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। हादसे का शिकार हुये सभी लोग ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मडवारी देवरी से बरछेका गांव में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ऑटो सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस को भी सूचना दी गई, जिसके बाद जांच शुरू की गई। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। हादसे में संगीता बाई कोल (26), सुंदर चौधरी (30), दुआसिया बाई (55), अनसुइया (18), श्याम लाल कोल (35), हाकाली कोल (55), रामसुजान कोल (58), धनु कोल (50) और बच्ची सोनिया शामिल हैं।



### भाजपा कार्यालय में मनाया गया संविधान हत्या दिवस, मीसाबंदियों व परिजनों को किया सम्मानित

**कटनी।** देश में लगाए गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कटनी द्वारा आज जिला कार्यालय में 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपातकाल का विरोध करने के कारण जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) तथा उनके परिजनों को लोकतंत्र की रक्षा में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संतोष असाटी, संत कुमार असाटी, रामसुजान सोनी, जयप्रकाश निगम मन्तू काशीराम राय, विजय टीपा, गया प्रसाद चौरसिया मौजूद रहे।

### गर्भवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां की वितरित



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मे प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ्य परीक्षण के शिविर आयोजित किया गया जहाँ बड़ी संख्या मै गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जाँच कर दवाइयां वितरित की गईं। चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने कहा कि हर गर्भवती महिला को कम से कम चार बार अस्पताल आकर जाँच करानी चाहिए!सभी आशा कार्यकर्ता गर्भवती के घर में जाँच हेतु जाये। गर्भवती महिलाओ को तो चार बार जाँच कराना आवश्यक है। शुरू के तीन महीने फ़ोलिक एसिड एवं 4 से 9 महीने तक आयरन एंड कैल्शियम की गोली खाने सेबच्चे विकलांग भी नही होते ईवीएम खून की कमी भी नही होती। शिविर के तहत गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं फल वितरण किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे के द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान हर महिला को पौष्टिक आहार जैसे आंगनबाड़ी से प्राप्त पैकेट दलिया,हरे पत्तेदार सब्जिया ,मौसमी सब्जिया एवं फल का सेवन करना चाहिए जिससे महिलाओं को खून, शरीर में दर्द एवं प्रसव में दिक्कत नहीं आती। इनसे बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है।

# विस्फोटक नियमों के उल्लंघन पर 10 लाइसेंस धारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विस्फोटक नियमों के गंभीर उल्लंघन के मामलों में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जिले के 10 विस्फोटक भंडारण (मैगजीन) लाइसेंसधारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर की गई है। जांच के दौरान दल द्वारा कई मैगजीन स्थल पर बंद पाई गईं, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं थे, लाइसेंस की अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा था तथा संबंधित लाइसेंसधारियों द्वारा त्रैमासिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत नहीं किए गए थे। जो कि विस्फोटक नियम 2008 के नियम उल्लंघन को दर्शाता है।

प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम सलैया पहराई (कैमोर) निवासी सुमित्रा ग्रोवर, मदन लाल ग्रोवर, संगीता ग्रोवर, रंजन ग्रोवर तथा ग्राम बिचपुरा (बरही) स्थित कामतानाथ स्टोन (डायरेक्टर आनंद सोमानी) शामिल हैं। प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत जिन उद्यमियों के पास विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग मैगजीन संचालित हैं, उन्हें प्रत्येक लाइसेंस के लिए पृथक नोटिस जारी किए गए हैं। इसी कारण सुमित्रा ग्रोवर एवं रंजन ग्रोवर को उनकी अलग-अलग अनुज्ञप्तियों के आधार पर दो-दो नोटिस प्राप्त हुए हैं।

इसके अतिरिक्त तहसील कटनी के ग्राम भटगवां निवासी रूपनारायण मीणा (मेसर्स श्री गुरूकृपा इंटरप्राइजेज), तहसील बहोरीबंद के ग्राम पौंडी स्थित एसएनएस संडरसन तथा ग्राम दुरघटी पिपरिया स्थित कमल लाइम इंडस्ट्रीज को भी नोटिस जारी किए गए हैं। सभी नोटिसधारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 6 जुलाई को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट न्यायालय, कटनी में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें तथा यह स्पष्ट करें कि विस्फोटक नियम, 2008 के उल्लंघन के आधार पर उनके लाइसेंस को निलंबित अथवा निरस्त क्यों न किया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# कटनी में पासपोर्ट सेवा केंद्र की मांग पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

*पासपोर्ट सेवा केन्द्र की स्थापना से जिले वासियों को दूसरे शहरों का नही लगाना पड़ेगा चक्कर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी जिले में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में एक सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि इस मामले में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और संबंधित विभाग तय समय सीमा में अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखें।

दिव्यांशु मिश्रा द्वारा दायर जनहित याचिका अधिवक्ता योगेश सोनी एवं आर्यन उरमलिया के माध्यम से प्रस्तुत की गई। याचिका में बताया गया कि कटनी प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक, खनिज एवं व्यापारिक जिला है। साथ ही यह देश का एक महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन भी है। इसके बावजूद जिले में आज तक पासपोर्ट सेवा केंद्र अथवा पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित नहीं किया गया।इस वजह से जिले के हजारों नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने या संबंधित कार्यों के लिए जबलपुर, सतना एवं अन्य जिलों की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है।

### होना पड़ता है परेशान

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि पासपोर्ट सेवा केंद्र के अभाव का सबसे अधिक असर छात्र-छात्राओं, विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर पड़ रहा है। इन्हें पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति सरकारी सेवाओं की समान उपलब्धता के संवैधानिक सिद्धांतों के भी विपरीत बताई गई है।

याचिका में न्यायालय को बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में केंद्र सरकार को विस्तृत अभ्यावेदन सौंपा जा चुका है। क्षेत्रीय सांसद द्वारा भी विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर कटनी में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने केंद्र सरकार को अंतिम अवसर देते हुए एक सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया। अब मामले की अगली सुनवाई केंद्र सरकार का जवाब प्राप्त होने के बाद की जाएगी।

### समय की मांग सेवा केंद्र

याचिकाकर्ता दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे कटनी जैसे घनी आबादी वाले जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना समय की मांग है। इससे जिले के लाखों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा और पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए उन्हें अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### 'युवा संगम' में रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से सशक्त हुए युवा

# 535 युवाओं का चयन, 4 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को रोशन नगर एनकेजे स्थित शासकीय आईटीआई कटनी में आयोजित 'युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला' युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला आयोजन साबित हुआ। एक ही छत के नीचे रोजगार, कौशल, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के अवसर मिलने से युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला लीड बैंक, शासकीय आईटीआई तथा उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में जिले भर से बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। मेले में शामिल प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 535 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

रोजगार मेले में देश और जिले की 23 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता कर युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए। श्रीराम लाइफ फाइनेंस, वर्धमान यार्न, एसआईएस सिंगरौली, ट्राइडेंट इंडिया, एचडीएफसी, सहयोग बैंक, सिटी मॉल, आईसेक्ट, रैंड मेरिडियन, महादेव इलेक्ट्रॉनिक सहित अनेक कंपनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए और उनकी योग्यता के अनुरूप प्रारंभिक चयन किया।

रोजगार के अवसर प्राप्त कर चयनित युवाओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। यह मेला अनेक युवाओं के लिए अपने करियर की नई शुरुआत का माध्यम बना। मेले में केवल नौकरी के अवसर ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार को भी विशेष प्रोत्साहन दिया गया। उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 4 करोड़ 20 लाख 14 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इससे अनेक युवा स्वयं का उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

आयोजन स्थल पर उद्योग विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, अंत्यावसायी विभाग, श्रम विभाग और नगर निगम द्वारा जानकारीपरक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं, ऋण सुविधाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। रोजगार, कौशल विकास और स्वरोजगार के समन्वय से सजा यह 'युवा संगम' मेला न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम बना, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त कटनी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी सुमन विश्वकर्मा, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह चौहान, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्रों को मन लगाकर पढ़ने की दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



कलेक्टर के आदेशानुसार बहोरीबंद विकासखंड में प्रशासनिक अधिकारी स्कूलों में पहुंचें। अभियान के तहत स्लीमनाबाद तहसीलदार आकाशदीप नामदेव शासकीय शासकीय माध्यमिक शाला तिहारी पहुंचें तो विद्यालय परिसर में एक आत्मीय और प्रेरणादायी माहौल बन गया। छात्रों के बीच पहुंचे तहसीलदार ने अधिकारी नहीं, बल्कि एक शिक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने पढ़ाया, बातें कीं, हंसे और उनके सपनों को नई दिशा दी। स्कूल चलें हम अभियान' के अंतर्गत आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में तहसीलदार ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए पूछा बड़े होकर आप क्या बनना चाहते हैं!इस सवाल पर किसी ने सैनिक बनकर देश की सेवा करने की इच्छा जताई, तो किसी ने डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर और पुलिस अधिकारी बनने का सपना साझा किया। छात्रों की आंखों में चमकते सपनों को देखकर कलेक्टर ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन ही हर सपने को साकार करने का सबसे मजबूत आधार है।

अभियान के तहत स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी शासकीय माध्यमिक शाला पड़वार पहुंची जहाँ उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया!एसडीओपी ने साइबर क्राइम को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया।एसडीओपी ने छात्रों से पुलिस और सेना के दायित्वों के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिए। छात्रों की समझ और उत्साह को देखकर एसडीओपी ने उनकी सराहना की और उन्हें सदैव जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। एसडीओपी ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने, अपनी माता पिता एवं गुरूजनों का सम्मान करने की सीख भी दी।

## खबर संक्षेप

### 3 से 6 जुलाई तक होगी हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा

**कटनी।** 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के अंतर्गत जिले के श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 3 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस यात्रा के लिए विशेष ट्रेन दमोह से रवाना होकर कटनी और सतना मार्ग से होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसी मार्ग से वापसी करेगी। इस यात्रा हेतु कटनी जिले को कुल 262 सीटें आवंटित की गई हैं। यात्रा के सफल संचालन और व्यवस्थाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्रों में नगर निगम स्तर पर उपायुक्त, नगर पालिका एवं नगर परिषद स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा ग्रामीण एवं विकासखंड स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालु सुगमता से तीर्थ यात्रा का लाभ उठा सकें।

### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 29 को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के जिला स्तरीय वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सोमवार, 29 जून 2026 को शाम 5 बजे किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जीतेन्द्र पटेल ने निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी (टंडन), कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह (ग्रामीण) एवं एडवोकेट अमित शुक्ला (शहर) तथा बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डीसी राम को निरीक्षण के समय उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया है।

### बारात में नाचने की बात पर विवाद, युवक को पीटा

**कटनी।** एन.के.जे. थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिरवारा में बारात में नाचने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि दो युवकों ने मिलकर एक अन्य युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी और उसे अधमरा कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम हिरवारा में बारात लग रही थी। इसी दौरान बारात में नाचने की बात को लेकर युवकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने आपा खो दिया गालियां देने लगे। फरियादी अजय बर्मन 26 वर्ष, निवासी हिरवारा ने पुलिस को बताया कि जब उसने विवाद को शांत कराने या विरोध करने का प्रयास किया तो राजा बर्मन निवासी इमलिया, और राकेश बर्मन निवासी हिरवारा ने उसे गालियां दीं और फिर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस हमले में अजय बर्मन को गंभीर चोटें आई हैं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित अजय बर्मन की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### अरविंद सरावगी को किया गया सम्मानित



**सिलौंडी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध मंच संचालक और ऑर्केस्ट्रा एम सन के सूत्रधार अरविंद सरावगी को सम्मानित किया गया। 47 साल से मंच संचालन की कला को नई पहचान देने के लिए उन्हें यह सम्मान मिला। संत सियावल्लभ दास वेदांती महाराज, पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया, डॉ. अरुणा पांडे और साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक ने सम्मान पत्र भेंट किया। ढोलक नवाज सपन कुमार और गिटारिस्ट विष्णु रैकवार को भी उनकी कला के लिए सम्मानित किया गया। अरविंद सरावगी देश विदेश में कई कार्यक्रमों में सिहोरा का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी वाणी और शायरी को लेख में खास तौर पर सराहा गया है।

### स्कूल चलें हम अभियान' में जिले के 100 से अधिक अधिकारियों ने निभाई प्रेरक की भूमिका

# कठिन परिश्रम एवं सतत अभ्यास से साकार होते हैं कामयाबी के सपने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



व्यस्ततम शासकीय जिम्मेदारियों के बीच गुरुवार का दिन कुछ अलग था। फाइलों और बैठकों से निकलकर कलेक्टर आशीष तिवारी जब शासकीय माध्यमिक शाला रॉबर्ट लाइन, माधवनगर पहुंचे तो विद्यालय परिसर में प्रेरणादायी माहौल बन गया। छात्रों के बीच पहुंचे कलेक्टर ने अधिकारी नहीं, बल्कि एक शिक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने पढ़ाया, बातें कीं, हंसे और उनके सपनों को नई दिशा दी।

'स्कूल चलें हम अभियान' के अंतर्गत आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए पूछा— "बड़े होकर आप क्या बनना चाहते हैं?" इस सवाल पर किसी ने सैनिक बनकर देश की सेवा करने की इच्छा जताई, तो किसी ने डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर और पुलिस अधिकारी बनने का सपना साझा किया। छात्रों की आंखों में चमकते सपनों को देखकर कलेक्टर ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन ही हर सपने को साकार करने का सबसे मजबूत आधार है।

कक्षा में संवाद का सिलसिला आगे बढ़ा तो कलेक्टर ने छात्रों से पुलिस और सेना के दायित्वों के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिए। छात्रों की समझ और उत्साह को देखकर कलेक्टर ने उनकी सराहना की और उन्हें सदैव जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। शिक्षा को रोचक बनाने के लिए कलेक्टर ने मौसमों की चर्चा की और बड़ी सहजता से लीप वर्ष की अवधारणा समझाई। विज्ञान के जटिल विषय को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए उन्होंने छात्रों के मन में सीखने की नई उत्सुकता जगा दी। जब छात्रों से उनकी पसंदीदा ऋतु पूछी गई तो अधिकांश ने मुस्कुराते हुए सर्दी का मौसम पसंद बताया।

सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने चॉकलेट, पेन, पेंसिल, कॉपियां, स्केल और रबर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपहार पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने की सीख भी दी।

### छात्रावास पहुंचकर जाना छात्रों का हाल, बांटे स्कूल बैग

विद्यालय भ्रमण के बाद कलेक्टर श्री तिवारी रॉबर्ट लाइन स्थित बालक छात्रावास भी पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से उनके रहन-सहन, पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। छात्रों को स्कूल बैग वितरित करते हुए उन्होंने उनकी सुविधाओं का जायजा लिया तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## जिला सीईओ ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद, कड़ी मेहनत, नियमित पढ़ाई और अनुशासन को बताया सक्सेस फार्मूला



आपके द्वारा प्रतिदिन किया गया एक-एक अच्छा कार्य, नियमित पढ़ाई, कड़ी मेहनत,समय का उचित प्रबंधन और दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करना सफलता का मूल मंत्र है। बड़ा बनने और ऊंचा पहुंचने का सपना देखिए और इसे साकार करने के लिए सोचिए। जब आप सोचेंगे कैसे करना है... क्यों करना है... कब करना है? तभी आप लक्ष्य निर्धारित कर वहां तक पहुंच सकेंगे। यह बातें जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने स्कूल चलें अभियानङ के अंतर्गत शाला प्रारंभ उत्सव कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला बरगवां कटनी पहुंचकर छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए कहीं।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने लगातार 55-56 मिनट तक विद्यार्थियों के बीच शिक्षिका और बतौर प्रेरक मार्गदर्शन देते हुए शिक्षा, पढ़ाई और भविष्य को लेकर बातचीत की। जब उन्होंने बच्चों से घुल मिलकर बात की तो कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने खुलकर बेबाकी से उनके सवालों के जवाब बिना झिझक के दिए। पढ़कर आप क्या बनना चाहते हैं ? इस सवाल को सुनकर आठवीं कक्षा की छात्रा कंचन ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहती हैं, जबकि कक्षा दूसरी की छात्रा अनुष्का ने पुलिस और अभी ने कलेक्टर बनना अपना लक्ष्य बताया। विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत करने सुश्री कौर ने उच्च प्रशासनिक पदों पर पहुंचने के लिए होने वाली परीक्षाओं, साक्षात्कार आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सुश्री कौर ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आप स्वर्णिम भारत के भविष्य हैं, नियमित पढ़ाई, कड़ी मेहनत और अनुशासन ही सक्सेस फॉर्मूला हैं।

सुश्री कौर ने जब शिक्षिका बतौर सवाल करते हुए बच्चों से पूछा कि सफल होने के लिए क्या-क्या जरूरी है ? तो उन्होंने मेहनत, अनुशासन, पढ़ाई और अलग अलग उत्तर दिए। इस दौरान माध्यमिक शाला बरगवां कटनी की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। सीईओ ने कक्षा में टॉप रहने वाले विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी ली।

## आरक्षक से मारपीट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ड्यूटी पर तैनात आरक्षक के साथ मारपीट करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी शहर से फरार होने की फिराक में थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से धारदार चाकू भी बरामद हुए हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी हैं।

जानकारी के अनुसार, घटना 21 जून 2026 की रात लगभग 2 बजे की है। एफआरव्ही-05 में तैनात आरक्षक रूपेश यादव को गांधी स्कूल के पीछे चाण्डक चौक क्षेत्र में उपद्रव की सूचना मिली थी। जब आरक्षक मौके पर पहुंचे, तो कॉलर ने बताया कि गप्पू उर्फ पारस बर्मन और उसके साथियों ने गाली-गलौज कर उत्पात मचाया है और भाग निकले हैं।इवेंट अटेंड कर लौटते समय आजाद चौक के पास आरक्षक ने स्कूटी पर सवार तीन संदिग्धों को रोककर पूछताछ की। युवकों ने अपना नाम पारस उर्फ गप्पू बर्मन, अभिलाष उर्फ अब्बू सेन और गणेश उर्फ गन्नू रजक बताया। घटना के बारे में पूछते ही तीनों आरोपी भड़क गए और एकराय होकर आरक्षक के साथ अभद्रता व मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने किसी नुकीली वस्तु से आरक्षक पर हमला कर दिया, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। एफआरव्ही के पायलट ने जब बीच-बचाव किया, तो आरोपी मौके से भाग निकले।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। मुखबिर की सटीक सूचना और साइबर सेल की मदद से पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को बोहता बायपास क्षेत्र से उस समय दबोच लिया, जब वे शहर से भागने की फिराक में थे। पकड़े गए तीनों आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है।

## अलग अलग सड़क हादसों में तीन व्यक्तियों की थम गई सांसें

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवराकला में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक MP21 G 2928 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राहगीर बुद्धू चौधरी 55 वर्ष, निवासी कांटी, बड़वारा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बुद्धू चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह कैमोर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। लापरवाही की सारी हदें पार कर दीं। फरियादी अनूप गुप्ता ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZJ 5303 के चालक ने बेहद खतरनाक और तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए उनके भाई अंकुश गुप्ता और साथी शिव प्रसाद चौधरी को टक्कर मार दी। इस हादसे में अंकुश गुप्ता की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि शिव प्रसाद चौधरी गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह-कटनी रोड पर गल्ला मंडी के मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 MR 1725 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अमित यादव 35 वर्ष, निवासी मढ़ादेवरी) को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इलाज के दौरान अमित यादव ने दम तोड़ दिया।

## चंडिका देवी मंदिर की वर्षगांठ पर निकाली गई कलश यात्रा



चंडिका नगर स्थित प्रसिद्ध चंडिका देवी मंदिर की 19वी वर्षगांठ उत्साह के साथ मनाई जा रही है। बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंडी रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ शुरू हुई। यहां हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई और महाआरती करते हुए प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किये हुए थे। भजनों की शानदार प्रस्तुति के बीच कलश यात्रा पन्ना मोड़, कुठला होते हुए चंडिका माता मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन 25 जून एकादशी पर मां चंडिका देवी मंदिर की 19वी वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस अवसर पर संगीतमयी रामचरित मानस का अखंड पाठ किया जा रहा है, साथ ही भव्य नवनिर्मित मन्दिर में पवनपुत्र रामभक्त हनुमान जी की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। आज 26 जून को सुबह 9 बजे मानस पाठ का समापन होगा। इसके बाद पूर्णाहूति हवन, पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने क्षेत्र के साथ ही शहर के धर्मप्रिय नागरिकों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ लें।

## ओवर लोड पत्थरों से भरे ट्रक हाइवा निकलने से हादसे का रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



तहसील मुख्यालय में चल रही पत्थरों की खदानों से प्रतिदिन अनेकों ट्रकों में दोनों तरफ पटरा लगाकर पटरों से भी ऊपर पत्थरों को भरकर परिवहन किया जा रहा है।ग्राम के मध्य से निकलते हैं ट्रकरुपोंद रेल्वे स्टेशन की तरफ से आने वाले भारी भरकम ट्रक पत्थरों की खदानों से ट्रक में दोनों तरफ पटरा लगाकर उससे भी ऊपर पत्थर भरकर ग्राम के मध्य से निकली सड़क से आते जाते परिवहन करते हैं।

बड़वारा में स्थानीय प्रशासन व खनिज विभाग की अनदेखी व सुस्त कार्रवाई से कभी भी घट सकती है गम्भीर घटना कभी भी किसी भी राहगीर या स्थानीय व्यक्तियों के ऊपर ट्रक में भरे ओवर लोड पत्थर गिरने से किसी भी व्यक्ति की जान जा सकती है।

बड़वारा थाना के सामने से ओवरलोड ट्रक निकलते हैं जिनमे वाहन चालक ओवर लोड रेत तिरपाल या अन्य साधनों से ढक कर निकलते हैं किंतु उनमें से कुछ चुनिंदा वाहनों पर गाहे बगाहे कार्रवाई की जाती है जबकि सख्त कार्रवाई नही किये जाने से ये वाहन चालक खुलेआम कानून को चुनौती देते हुए रोजाना निकलते हैं जिनके ऊपर सख्त कार्रवाई की दरकार है।

बड़वारा ग्राम में इन दिनों नाबालिग बगैर लायसेंस के ही ट्रैक्टरों में रेत भरकर परिवहन का कार्य करते हैं एवम तेज रफ्तार में ट्रैक्टर चलाते हैं किंतु इनके ऊपर कार्रवाई नही किये जाने से ये भी बेख़ौफ़ होकर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है जिन पर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।स्थानीय प्रशासन व जिला के आला अधिकारियों से जनपेक्षा की जाती है कि इन ओवर लोड वाहन चालकों के ऊपर कार्रवाई की जाए जिससे लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके।

**मुड़वारा स्टेशन के पास मोबाइल बेचने की फिराक में था आरोपित, पुलिस ने पकड़ा**

## नशे की लत ने बनाया चोर, पुलिस ने दबोचा, चोरी के 5 मोबाइल किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से चोरी के 5 मोबाइल फोन बरामद किए गये हैं। पकड़ा गया बदमाश ट्रक चालकों और खलासियों के वाहनों से मोबाइल चोरी कर फरार हो जाता था।

पुलिस के अनुसार 23 जून 2026 को फरियादी अरुण यादव, निवासी ग्राम डोंगी जिला छतरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रक में हेल्पर का कार्य करता है। 22 जून की रात उसने अपना ट्रक नदीपार स्थित चाण्डक पेट्रोल पंप के सामने खड़ा किया था। सुबह उठने पर ट्रक के केबिन में चार्जिंग पर लगा वीवो कंपनी का मोबाइल गायब मिला। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इसी दिन फरियादी अनुज कुमार अहिरवार, निवासी अजयगढ़ जिला पन्ना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रक में खलासी का कार्य करता है। उसने अपना ट्रक मुड़वारा स्टेशन के पास साइकिल स्टैंड के सामने खड़ा कर रात में विश्राम किया था। सुबह उठने पर ट्रक के केबिन में रखा वन प्लस कंपनी का मोबाइल फोन चोरी पाया गया। इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया।

एक ही दिन में हुई दो मोबाइल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक मुड़वारा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बेहद कम कीमत पर महंगे मोबाइल फोन बेचने का प्रयास कर रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 5 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुंदन चौधरी (24) निवासी राहुल बाग, निमिया मोहल्ला, थाना कोतवाली, जिला कटनी बताया। बरामद मोबाइलों के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने चाण्डक पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक से वीवो मोबाइल और मुड़वारा स्टेशन के पास खड़े ट्रक से वन प्लस मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने पूर्व में चोरी किए गए तीन अन्य मोबाइल भी अपने कब्जे में होना बताया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 5 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख रुपये है। इनमें—3 वीवो कंपनी के मोबाइल1 वन प्लस कंपनी का मोबाइल- 1 रियलमी कंपनी का मोबाइल शामिल हैं। चोरी के दोनों प्रकरणों से संबंधित मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं, जबकि अन्य तीन मोबाइलों को विधिसम्मत कार्रवाई के तहत जब्त किया गया है।

### कलेक्टर ने बैठक में बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

## स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के लिए बैंक ऋण प्रवाह बढ़ायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समन्वित प्रयासों के माध्यम से ऋण प्रवाह में वृद्धि करें तथा शासकीय स्व-रोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें। गुरुवार को आयोजित जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक में कलेक्टर ने बैंकिंग गतिविधियों, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों तथा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को प्राथमिकता देते हुए बैंकर्स से कहा कि विभागों द्वारा प्रेषित पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों में उदारतापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से ऋण स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृति और वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में पशुपालन विभाग की आचार्य विद्यासागर योजना, क्षीरधारा योजना, कामधेनु योजना एवं बकरी पालन योजना, उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, आदिम जाति कल्याण विभाग की डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना, मत्स्य विभाग तथा एनआरएलएम योजनाओं के अंतर्गत लंबित एवं स्वीकृत प्रकरणों की बैंकवार समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों एवं बैंकर्स को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता की प्रत्येक 15 दिवस में समीक्षा करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों का बीमा किया जाता है, उन्हें संबंधित पॉलिसी के दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी अप्रिय स्थिति में परिजनों को बीमा लाभ प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। कलेक्टर ने पिछले वित्तीय वर्ष में अस्वीकृत प्रकरणों को संबंधित विभागों को वापस करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक दस्तावेज एवं औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्हें पुनः बैंक में प्रस्तुत किया जा सके। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) एवं आईएसएस घटक के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, लीड बैंक प्रबंधक मेझरस किण्डो मौजूद रहे।

## दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ दिलाने समन्वय से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता और जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में किया गया। आयोजित बैठक में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा किए गए कार्यों योजनाओं ,कार्यक्रमों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री अनुराग मोदी द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों, योजनाए एवं उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का विवरण शामिल रहा। बैठक में दिव्यांगजनों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुँच सके। इसके लिए विभागीय समन्वय, पारदर्शिता और कार्यप्रणाली को और अधिक मज़बूत बनाने पर विचार किया गया।

बैठक में कलेक्टवर द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी समय में दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए योजनाओं को और अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर दिव्यांगजनों तक सेवाओं और सुविधाओं को पहुँचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, उद्योग व्यापार से श्रीमति ज्योति सिंह चौहान सहित अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### डंपर की टक्कर से महिला की मौत, पति गंभीर घायल हालात में ग्वालियर रेफर

छतरपुर। जिले के थाना राजनगर क्षेत्र के हकीमपुरा के पास गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार शीला अहिरवार (35) पत्नी झगड़ू अहिरवार, निवासी ग्राम मऊ मसनिया, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति ठाकुरदीन अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि पति-पत्नी गांव से राजनगर बाजार खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान हकीमपुरा के पास पीछे से आए डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल राजनगर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शीला अहिरवार को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल ठाकुरदीन अहिरवार की हालत नाजुक होने पर उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### देवगांव टोल के पास दो बाइकों की भिड़ंत, पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की मौत

छतरपुर। जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के देवगांव टोल प्लाजा के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय अहिरवार पुत्र रामू अहिरवार निवासी बंदरगढ़, थाना राजनगर के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 9 बजे देवगांव टोल प्लाजा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अजय अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### अवैध रेत से भरे डंपर ने महिला को कुचला मौत के बाद ग्रामीणों में फूटा आक्रोश

छतरपुर। सरबई क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। रामपुर घाट में अवैध रेत से ओवरलोड एक बेकाबू डंपर ने सड़क पार कर रही एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### वायरल वीडियो के बाद बैलिस्टिक जांच की मांग

# टाइगर रिजर्व में बाघ पर फायरिंग का आरोप



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के बफर जोन अंतर्गत पटना-मुहली क्षेत्र से सामने आए एक वायरल वीडियो ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में एक बाघ दिखाई दे रहा है। हालांकि वीडियो म्यूट है, लेकिन वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे का दावा है कि स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वीडियो के दौरान गोली चलने जैसी आवाज सुनाई दी थी। मामले को गंभीर बताते हुए उन्होंने वन विभाग से शिकायत कर बैलिस्टिक जांच कराने की मांग की है।अजय दुबे ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि यदि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गोलियां चल रही हैं तो वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि क्षेत्र में वास्तव में फायरिंग हुई थी या नहीं।

**बाघ के हमले में युवक हुआ था घायल**

उल्लेखनीय है कि 22 जून को पटना-मुहली निवासी 31 वर्षीय सुदामा यादव अपने मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल गया था, जहां एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) में भर्ती कराया गया था।

**सूचना देने पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित**

अजय दुबे के अनुसार शिकायत के बाद वन विभाग ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि भोपाल से भी एक टीम जल्द ही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व पहुंचेगी। फायरिंग संबंधी मामले में उपयोगी जानकारी देने वाले के लिए 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है।

**ढाना रेंज में मृत मिले बाघ की गुत्थी अब तक अनसुलझी**

वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट ने यह भी आरोप लगाया कि जनवरी 2026 में ढाना रेंज में मृत मिले बाघ के मामले का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि वह बाघ किस टाइगर रिजर्व का था। इसके अलावा उन्होंने पेंच से लाए गए एक शावक बाघ की मौत को भी वन विभाग की लापरवाही का परिणाम बताया।

**एक्टिविस्ट ने उठाए तीन प्रमुख सवाल**

अजय दुबे ने मामले को लेकर तीन महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं—

1. पटना गांव के विस्थापन के लिए मुआवजा राशि वितरित किए जाने के बावजूद अब तक गांव का पूर्ण विस्थापन क्यों नहीं किया गया?

2. यदि विस्थापन की राशि ग्रामीणों को मिल चुकी है, तो वे अब भी बफर क्षेत्र में खेती क्यों कर रहे हैं, जिससे मानव और वन्यजीव संघर्ष की आशंका बनी हुई है?

3. बफर क्षेत्र में स्थित गांवों के आसपास सुबह और रात में नियमित पेट्रोलिंग अनिवार्य है, फिर भी टाइगर रिजर्व प्रबंधन इस दिशा में पर्याप्त सतर्कता क्यों नहीं बरत रहा है?

फिलहाल वायरल वीडियो और फायरिंग के आरोपों को लेकर वन विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# आखिर कब आएंगे गैसाबाद के अच्छे दिन? विकास से कोसों दूर है गांव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गैसाबाद**

सरकार गांवों के विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है, लेकिन दमोह जिले की सीमा पर स्थित ग्राम गैसाबाद आज भी विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ नजर आता है। तहसील मुख्यालय हटा से लगभग 27 किलोमीटर दूर बसे इस गांव के करीब 8 हजार निवासी पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार पूरे गांव की पेयजल व्यवस्था महज दो-तीन हैंडपंपों पर निर्भर है। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र तो है, लेकिन चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पाता। मजबूरी में लोग झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेते हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है। गंभीर स्थिति में मरीजों को 27 किलोमीटर दूर हटा ले जाना पड़ता है, जो गरीब परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। शिक्षा व्यवस्था भी बदहाल बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन तो बने हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी और नियमित उपस्थिति न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं बिजली आपूर्ति भी आए दिन बाधित रहती है। कर्मचारियों की कमी के कारण खराबियां समय पर दूर नहीं हो पातीं। गांव में रोजगार के अवसर न होने से बड़ी संख्या में मजदूरों को पलायन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर पर्याप्त रोजगार नहीं मिलने के कारण उन्हें दूसरे क्षेत्रों में मजदूरी के लिए जाना पड़ता है। हाट-बाजार को बस स्टैंड क्षेत्र से हटाकर पंचायत परिसर के पास स्थानांतरित किए जाने के बाद स्थानीय व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी ग्रामीणों में असंतोष है। गांव में थाना होने के बावजूद रात्रि गश्त नहीं होने से शराबियों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि गांव में आते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते हैं कि उन्होंने वर्षों से सांसद और विधायक चुनकर भेजे, जिनमें मंत्री पद तक पहुंचने वाले जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे, लेकिन गांव की तस्वीर नहीं बदल सकी।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गैसाबाद की पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और रोजगार संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए। उनका कहना है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी यदि गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, तो यह चिंता का विषय है। ग्रामीणों का सीधा सवाल है—आखिर हमारे गांव के अच्छे दिन कब आएंगे?

# भाजपा सरकार में हो रहे घोटालों का जिम्मेदार कौन- अजय टंडन



**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मप्र कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा छात्रो एवं युवाओं के ज्वलंत मुद्दो को लेकर जैसे पेपर लीक बार बार परीक्षाओ के रद्द होने भर्तियों में अनावश्यक देरी बढ़ती बेरोजगारी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वर्ता का आयोजन किया गया। वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा सरकार घोटालों की सरकार है शिक्षा माफिया भाजपा सरकार के मंत्रियो से साठगांठ कर नीट जैसी परीक्षाओं के पेपर लीक करवाकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे है इनकी कथित नीतियों के कारण कई छात्र तो आत्महत्या तक कर चुके है, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि 22 लाख छात्र छात्राओं ने नीट की परीक्षा दी जिसकी तैयारी बच्चो की फीस एवं उनकी कोचिंग पर करोड़ो रूपया अभिभावको का खर्च हुआ किन्तु पेपर लीक होने के कारण बच्चो का भविष्य एवं अभिभावको का पैसा एवं समय बर्बाद हुआ, 19 बच्चो ने निराशा हताशा में आत्माहत्या कर ली। भाजपा सरकार केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेकर मंत्रिमंडल से हटाये। नितिन मिश्रा संगठन महासचिव, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डी.पी. पटैल, मुकेश रोहिताश, शुभम तिवारी, अभिषेक यादव, अजय जाटव, रियाज खान ने कहा कि हमारी आस्था का केन्द्र राम मंदिर जिसमें हमारे देश के धार्मिक बंधुओं ने सोना चांदी की ईटे भरके रूपयो का दान दिया किन्तु वहां कार्यरत कर्मचारियों ने सब कुछ चोरी कर लिया और भाजपा सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही करना उनकी मिली साबित करता है वहीं मप्र सीएम मोहन यादव जिनके पूरे परिवार के नाम 335 एक जमीन जो घोषित है वह जमीने नहीं ली गई जहां से वायपास बनना है और हमारी पीएम कहते थे कि न खाउंगा ना खाने दूंगा किंतु उनकी सभ बाते भाषण जुगला साबित हो गई है। चाहे शिक्षा माफिया हो या राम मंदिर में चोरी करने वाले अथवा प्रदेश के सीएम खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे है किंतु उन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करना भाजपा की कथनी और करनी को उजागर करता है। उक्त मामलो पर भाजपा सरकार ने अविलंब कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस पार्टी धरा एवं जनआंदोलन को बाध्य होगी इस अवसर पर खिल्लू ठाकुर श्रीकांत पटेल सहित अनेको कांग्रेसजनों की

### बुंदेलखंड की अनूठी विवाह परंपरा, पुरुष वेश में महिलाओं ने किया मनोरंजक प्रदर्शन

# अनूठी परंपरा 'ब्याव का बाबा' में महिलाओं ने निभाया स्वांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**



बुंदेलखंड अंचल अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, रीति-रिवाजों और अनूठी विवाह परंपराओं के लिए विशेष पहचान रखता है। इन्हीं पारंपरिक रस्मों में शामिल है 'ब्याव का बाबा', जिसे कई क्षेत्रों में झाड़-बेलन स्वांग या लठमार परंपरा के नाम से भी जाना जाता है। आधुनिकता के दौर में जहां कई लोक परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह परंपरा उत्साह और उल्लास के साथ निभाई जा रही है। गुरुवार को तेंदूखेड़ा नगर से लगभग दो से तीन किलोमीटर दूर स्थित बम्हौरी पांजी गांव में इस अनूठी परंपरा का जीवंत स्वरूप देखने को मिला। गांव में विवाह समारोह के दौरान बारात के प्रस्थान के बाद महिलाओं ने पुरुषों का वेश धारण कर पारंपरिक स्वांग प्रस्तुत किया। हाथों में झाड़ू, बेलन और डंडे लेकर महिलाएं समूहों में गांव की गलियों और प्रमुख मार्गों पर निकलीं तथा विभिन्न हास्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। लोक परंपरा के अनुसार जब दूल्हे की बारात विवाह स्थल के लिए रवाना हो जाती है, तब घर और गांव में मुख्य रूप से महिलाएं ही रह जाती हैं। ऐसे समय में महिलाएं पुरुषों का रूप धारण कर सामाजिक भूमिकाओं का प्रतीकात्मक निर्वहन करती हैं। इस दौरान वे हास्य-व्यंग्य से भरपूर नाटकीय प्रस्तुतियां देती हैं और विवाह समारोह के उत्साह को बनाए रखती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस रस्म का विशेष आकर्षण देखने को मिलता है। महिलाएं राहगीरों और वाहन चालकों को मजाकिया अंदाज में रोककर उनसे नेग मांगती हैं। राहगीर भी इस लोक परंपरा का आनंद लेते हुए स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान करते हैं, जिसके बाद उन्हें आगे जाने दिया जाता है। पूरे आयोजन के दौरान लोकगीत, हंसी-मजाक और पारंपरिक उल्लास का वातावरण बना रहता है। स्थानीय बेनीसिह का मानना है कि 'ब्याव का बाबा' केवल मनोरंजन की परंपरा नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सामाजिक भागीदारी और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का अवसर भी प्रदान करती है। यह रस्म सामुदायिक एकता, पारिवारिक सौहार्द और लोक संस्कृति के संरक्षण का संदेश देती है। विवाह जैसे पारिवारिक आयोजन को सामूहिक उत्सव में बदलने में इस परंपरा की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। हालांकि बदलती जीवनशैली और आधुनिकता के प्रभाव के कारण ऐसी अनेक लोक परंपराएं धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं, लेकिन बुंदेलखंड के कई गांवों में आज भी इन्हें पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाया जा रहा है। सांस्कृतिक जानकारों का मानना है कि इस प्रकार की लोक परंपराएं नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बम्हौरी पांजी गांव में आयोजित इस पारंपरिक स्वांग ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि बुंदेलखंड की लोक संस्कृति आज भी जीवंत है और अपनी विशिष्ट पहचान को सहेजे हुए है।

## बीईओ के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे का स्थानांतरण आगर मालवा जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर होने पर तेंदूखेड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड के समस्त संकुलों के प्राचार्य एवं बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे। श्री पांडे को उनके कार्यकाल के दौरान एक मिलनसार, कर्मठ एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जाना गया। उनके स्थानांतरण एवं पदोन्नति पर उपस्थित सभी शिक्षकों एवं अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. रैकवार, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रघुराज सिंह ठाकुर, प्राचार्य एन.एस. राजपूत, प्राचार्य अशोक साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी तारादेही प्राचार्य स्वदेश नेमा, रंजीत नगेसिया, बहादुर सिंह सहित अन्य शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री पांडे ने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने तथा विद्यालयों में अनुशासन और सकारात्मक वातावरण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में विकासखंड स्तर पर अनेक शैक्षणिक गतिविधियों को गति मिली और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। विदाई समारोह के दौरान नितेश पांडे ने कहा कि शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य और सतत प्रक्रिया है, जिसमें मिलना और बिछड़ना लगा रहता है। उन्होंने कहा कि तेंदूखेड़ा में उन्हें जो स्नेह, सम्मान और सहयोग मिला है, उसे वे सदैव याद रखेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने श्री पांडे के साथ अपने अनुभव साझा किए और कहा कि वे सदैव सभी के साथ सहयोगात्मक एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते रहे हैं। उनके व्यवहार और कार्यशैली ने सभी को प्रेरित किया है। विदाई समारोह में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने श्री पांडे को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरा कार्यक्रम भावुक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जहां सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं।कार्यक्रम में विकासखंड के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



## सेक्टर स्तरीय बैठक व प्रशिक्षण संपन्न

**सगोनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में कुण्डलपुर सेक्टर की नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया ने ग्राम कुण्डलपुर, सिंगपुर, बिलगुवां, बिछिया, सगोनी उपाध्याय, प्रस्फुटन समितियों का दृतिय सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजनकर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि गनेश पटैल व ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि बसोरी सिंह ने किया जिसमे ग्राम पंचायत सरपंच सचिव नरेंद्र शर्मा व नवांकुर अध्यक्ष मुलाम राय, भूपेन्द्र चौहान, व आगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता व ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों को ब्लॉक समन्वयक हरीश पान्डेय ने प्रशिक्षण देते हुये कहा कि वर्तमान समय में लोग अपने तक सीमित हो गए हैं, जबकि प्रस्फुटन समितियों का गठन समाज और गांव के समग्र विकास के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह समझाना है कि हमें क्या कार्य करना है, क्यों करना है और कैसे करना है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, नशामुक्त भारत अभियान एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में गांवों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आभार मुलाम राय द्वारा व्यक्त किया गया।



## राज्यमंत्री श्री लोधी ने सुनी समस्याएं



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज जबेरा के नोहटा कार्यालय में विधानसभा एवं अन्य क्षेत्रों से पधारे क्षेत्रवासियों से सौजन्य भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की विभिन्न मूलभूत समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुना। उन्होंने समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के कहा गया।

### पल्स पोलियो: विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

**छतरपुर।** जिला चिकित्सालय छतरपुर में आगामी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल एवं नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाने, बूथ प्रबंधन, कोल्ड चेन संधारण, अभिलेख संधारण तथा जन-जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों ने पूर्ण टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त भारत को बनाए रखने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।प्रशिक्षण के उपरांत जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे डॉ. शरद अग्रवाल, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय छतरपुर एवं डॉ. आनंद चौरसिया, जिला टीकाकरण अधिकारी, छतरपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ तथा विद्यार्थियों ने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

### आध्यात्मिक कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु

**छतरपुर।** स्थानीय किशोर सागर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र में बीते रोज संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) का 61वां पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 भाई-बहनों ने सहभागिता कर मम्मा के त्याग, तपस्या, सादगी और सेवा भाव को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा केन्द्र प्रभारी बीके शैलजा बहन ने परमपिता शिव के ईश्वरीय महावाक्य मुरली का पाठ कराते हुए उपस्थित नियमित विद्यार्थियों को आध्यात्मिक संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मम्मा ने प्रारंभ से ही बाबा की हर आज्ञा में हां जी का भाव अपनाया और इसी समर्पण के कारण वह सभी की प्रिय एवं सर्वस्नेही बनीं। उन्होंने कहा कि मम्मा के जीवन में ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण, पवित्रता, नम्रता, सरलता, सहनशीलता, मधुर वाणी, मातृत्व, योगयुक्त जीवन और सेवा भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी।

## नालसा 'नशा जागरूकता एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन' योजना के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा श्रीमती स्मृति सोनी के मार्गदर्शन में ग्राम झरौली स्थित प्राथमिक शाला में नालसा की नशा जागरूकता एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों एवं नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान योजना से संबंधित जागरूकता वीडियो का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान तथा उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती स्मृति सोनी ने बताया कि नालसा की यह राष्ट्रव्यापी पहल मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम, नशा पीड़ितों के पुनर्वास तथा नशामुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत नशे से प्रभावित व्यक्तियों, उनके परिवारों तथा महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों जैसे संवेदनशील वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना का प्रमुख उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों तथा मादक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के कानूनी परिणामों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही नशे की लत से पीड़ित लोगों को उचित चिकित्सा सुविधाओं एवं पुनर्वास केंद्रों तक पहुंचाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। श्रीमती सोनी ने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने के लिए समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से ही नशामुक्त समाज की स्थापना संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वयं जागरूक रहने तथा दूसरों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। शिविर में ग्राम पंचायत उपसरपंच कृष्ण केवट, ग्राम सचिव रामदास साहू, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा से आकाश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## तेंदूखेड़ा में पेयजल संकट गहराया, धीमी जलापूर्ति और अनियमित वितरण से नागरिकों में आक्रोश



**तेंदूखेड़ा।** भीषण गर्मी के बीच नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है। नलों में पानी का दबाव बेहद कम होने से स्थिति यह है कि विद्युत मोटर लगाने के बाद एक गम्मा भरने में लगभग 10 मिनट का समय लग रहा है, यदि मोटर नहीं लगे तो पानी ही नहीं आ रहा है जिससे नगर की समस्त वार्डों में नागरिकों में असंतोष और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगरवासियों का आरोप है कि जलापूर्ति व्यवस्था में भारी असमानता देखने को मिल रही है। वार्ड क्रमांक 9 के निवासी रंजीत साहू ने आरोप लगाया कि जल सप्लाई करने वाले कर्मचारी कुछ वार्डों जैसे 13, 14 और 15 में बेहतर जलापूर्ति देते हैं, जबकि वार्ड क्रमांक 9 सांदीपनि विद्यालय के सामने बनी कॉलोनी में में पिछले लगभग 5 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा वाल्व को पूरी तरह न खोले जाने के कारण भी पानी की गति अत्यंत धीमी रहती है और लोगों को पर्याप्त जल नहीं मिल पाता। नगर के अन्य नागरिकों ने भी बताया कि जल वितरण में पारदर्शिता नहीं है और सप्लाई का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं होने से लोग समय पर पानी संग्रह नहीं कर पा रहे हैं। कई स्थानों पर जल आपूर्ति रुक-रुक कर और बेहद कम दबाव के साथ हो रही है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। नगर परिषद के जल सप्लाई प्रभारी रामकुमार यादव ने बताया कि बिजली की अनियमित आपूर्ति और तकनीकी कारणों से जल वितरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि टंकियां पूरी तरह नहीं भर पा रही हैं, जिसके चलते कई बार सीधे लाइन से जलापूर्ति करनी पड़ रही है। कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर मिली शिकायतों पर उन्हें समझाइश दी जाएगी। नगर के विभिन्न वार्डों के नागरिकों ने मांग की है कि जलापूर्ति का निश्चित समय निर्धारित किया जाए, सभी वार्डों में समान रूप से पानी दिया जाए तथा कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के संबंध में बैठक आज

**दमोह।** श्री देव जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई को शहर में श्रद्धा और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर जगन्नाथ रथयात्रा समिति की बैठक पुराना थाना स्थित बहुत प्राचीन जगदीश मंदिर परिसर में आज रात्रि 8 बजे आयोजित होगी जिसमें यात्रा की रूपरेखा और विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में रथयात्रा के प्रचार-प्रसार, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत मंथन किया जाएगा। जिसने आप सभी भक्त गण बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार रथ यात्रा को भव्यता प्रदान करने अपने सुझाव देंने बैठक में जरूर पधारे।।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में 4 जिला अधिकारियों के समय पर उपस्थित ना होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने 04 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए दी गई समयावधि में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। पत्र में कहा गया हैं समय पर जबाव न देने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। ज्ञात हो कि प्रत्येक मगंलवार को कलेक्टर कार्यालय में भू-तल पर स्थित कक्ष क्रमांक-10 में जिला स्तरीय जनसुनवाई प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाती हैं, जिसमें जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों के सबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई कक्ष में नियत समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देश जारी किये गये है। तदोंपरात 04 जिला अधिकारी आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में निर्धारित समय पर उपस्थित ना होने के आरोप पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। जारी पत्र में कहा गया कि उनके द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में गम्भीरता नहीं बरती जा रही हैं। साथ ही की जा रही लापरवाही व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के प्रति अवहेलना मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लघंन हैं। इन अधिकारियों को नाटिस जारी किये गये जिनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह डाँ राजेश अठ्या, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन यंत्री दमोह अशोक मुकाती, जल निगम मर्यादित दमोह महाप्रबंधक गौरव सराफ एवं जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री रविदीप वेन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

नीति आयोग संयुक्त सचिव ने ली समीक्षा बैठक, दिए अहम दिशा-निर्देश

# आकांक्षी जिला कार्यक्रमः सभी विभाग सटीक डेटा प्रस्तुत करें, कोताही ना बरतें - संयुक्त सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

डेटा के आधार पर नीति तैयार होती है, डेटा से ही नीति आयोग में निर्णय लिये जाते हैं, सभी विभाग सटीक डेटा प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, इसमें कोताही ना बरतें। इस आशय के निर्देश आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास भारत सरकार मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (CPO), अजीत कुमार ने स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा सभी विभाग डेटा क्वालिटी में सुधार सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, सी.ई.ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे खासतौर पर मौजूद रहे।स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा में डेटा गुणवत्ता पर सख्ती

महिला एवं बाल विकास भारत सरकार मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार ने नीति आयोग में शामिल स्वास्थ्य सूचकांकों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों की तुलना वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त उपलब्धियों से की गई, जिसमें विशेष रूप से लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान संकेतकों के आंकड़ों में अपेक्षित साम्य नहीं पाए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। संयुक्त सचिव श्री कुमार ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से इस संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए डेटा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, कार्य-दायित्वों के प्रति गंभीर रहकर इसमें अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए।

### एनीमिया प्रबंधन के परिणामों का माँगा विश्लेषण

समीक्षा के दौरान एनीमिया संबंधी आंकड़ों का भी गहन विश्लेषण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि एनीमिया चिन्हित गर्भवती महिलाओं में गंभीर (Severe) एनीमिया से मध्यम (Moderate) एवं हल्के (Mild) एनीमिया श्रेणी में आए मामलों का पृथक विवरण एवं विश्लेषण प्रस्तुत किया जाए, ताकि उपचार एवं इस संबंध में की गई गतिविधियां की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके।

उन्होंने इस अवसर पर शिक्षा, कृषि सहित अन्य विभागों के डाटा पर समीक्षा करते हुए कहा आगामी बैठक में डाटा गुणवता पूर्ण रहे, सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। संयुक्त सचिव ने कहा सभी अधिकारी मेहनत और गंभीरता से काम करें। क्वालिटी डेटा पर विशेष ध्यान दें और फील्ड पर भी अच्छा काम सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान आगनंबाडी केन्द्रों के अपडेशन के लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा गया इसमें समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

दो हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया एई सहाय

# लोकायुक्त के शिकंजे में फंसा विद्युत विभाग का घूसखोर एई



**हटा।** सरकारी तंत्र में एक से बढ़कर एक घूसखोर मठाधीश विराजमान है चाहे वो कोई भी सरकारी विभाग हो। मजे की बात तो यह है कि कुछ बेनकाब हो जाते है कुछ कंबल ओढ़कर मलाई छानने में कामयाब हो जाते है। लेकिन गुरुवार के दिन हटा विद्युत विभाग में घूसखोर का मगरमच्छ एई सागर लोकायुक्त के जाल में फंस ही गया जिसे कार्यालय में ही दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए दबोच ही लिया। रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई।

### बिजली चोरी की कार्यवाही न करने मांगी थी रिश्वत-

छापामार कार्रवाई के उपरांत सागर लोकायुक्त टीआई रणजीत सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग के पीड़ित उपभोक्ता हटा निवासी इंद्र कुमार पटेल ने लोकायुक्त एसपी सागर के समक्ष लिखित शिकायत की गई थी कि उनका बिजली मीटर कम लोड पर चल रहा था। जिसको लेकर उनके खिलाफ बिजली चोरी की कार्रवाई नहीं करने के एवज में एई राजेश सहाय 7 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एई को रंगे हाथों पकड़ने के लिए गुरुवार को जाल बिछाया गया। और गुरुवार को सागर सागर लोकायुक्त की टीम दमोह नाका स्थित कार्यालय के इर्द-गिर्द मंडराने लगी। और शिकायतकर्ता इंद्र कुमार पटेल के हाथों पहले दो हजार रुपए दिए और जैसे ही पीड़ित ने रुपए घूसखोर मगरमच्छ एई राजेश सहाय के हाथों में थमाए टीम टूट पड़ी।अपने ही दफ्तर में दो हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए बिजली विभाग के साहब बगले झांकते हुए सफाई देने की कोशिश करते नजर आए। लेकिन जाल में फंसा घूसखोर मगरमच्छ तड़पता ही रह गया। आरोपी के विरुद्ध लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। सागर लोकायुक्त टीम की कार्यवाही में इंस्पेक्टर रंजीत सिंह , रोशनी जैन इंस्पेक्टर, सफीक खान, आदेश तिवारी, प्रदीप दुबे, गोल्डी पासी, नीलेश चौबे, अरविंद नायक मौजूद रहे।

## खाद वितरण में अनियमितता पर समिति प्रबंधक निलंबित

**दमोह।** किसानों को उर्वरकों का पारदर्शी एवं नियमानुसार वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा गतदिवस प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित जबेरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि समिति प्रबंधक नितिन कुर्मी द्वारा खाद वितरण में समुचित निर्धारित प्रक्रियाओं का समुचित पालन नहीं किया जा रहा था। जांच में किसानों को खाद के परमिट जारी करने के पूर्व हस्ताक्षर कराने संबंधी अनियमितताएं सामने आईं। महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जबेरा समिति प्रबंधक नितिन कुर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शाखा दमोह निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने खरीफ सीजन 2026 में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं कराने के आरोप पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं। समीक्षा में पाया गया कि 102 समितियों में से अधिकांश समितियों में डीएपी, एनपीके, एसएसपी, यूरिया एवं पोटाश उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण नहीं कराया गया, जिससे किसानों को समय पर उर्वरक नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद समितियों में उर्वरक भंडारण नहीं कराया गया, जिससे वितरण व्यवस्था प्रभावित हुई है। जारी कारण बताओ पत्र में कहा गया कि निरीक्षण के दौरान किसानों ने भी नियमित सदस्यों को उर्वरक नहीं मिलने की शिकायत की, जिसके कारण उन्हें निजी विक्रेताओं से नगद खरीदारी करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उक्त स्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित महाप्रबंधक को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अभाना के पास दो बाइकों की भिड़ंत, दो गंभीर घायल

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभाना के पास गुरुवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार रौंड बनवार निवासी महिपाल सिंह लोधी (50) दमोह से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अभाना के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे एंबुलेंस 1033 के चालक सचिन यादव मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां ड्यूटी डॉक्टर ने महिपाल सिंह का प्राथमिक उपचार कर उन्हें भर्ती कर लिया, जबकि दूसरे घायल घनश्याम सिंह लोधी की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही नोहटा पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वेतन नही मिलने पर नगर परिषद के कर्मचारियों ने एसडीएम को दिया आवेदन

**पथरिया।** नगर परिषद में विगत चार महीने से कर्मचारियों को वेतन नही मिलने के कारण कर्मचारियों द्वारा गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को आवेदन दिया और बताया कि हम लोगों को कभी हर महीने वेतन नही मिलता जब 3-4 महीनें हो जाने पर एक वेतन डाल दिया जाता है और कह देते हैं 2-4 दिन में वाकि महीने का मिल जाएगा लेकिन नही मिलता। जिससे हम कर्मचारी परेशान हैं स्कूलों में बच्चों के एडमिशन कराना है लेकिन कैसे कराएं जब वेतन नही मिला तो जिससे परेशान हैं। कर्मचारियों ने एसडीएम से मांग की है हम कर्मचारियों को हर महीने समय पर वेतन उपलब्ध कराया जाए। वही एसडीएम निकेत चौरसिया ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के अंदर वेतन मिल जाएगा।

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** मुहर्रम पर्व को लेकर थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्ग दर्शन मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित मुस्लिम प्रतिनिधियों, जामा मस्जिद सदर नबाब खान, मुहर्रम पर्व इंतजामियां कमेटी सदर मुहम्मद शमीम, एमएम राही, शेख असीम, अल्ताफ खान आदि ने बताया कि 25 जून 2026 बृहस्पतिवार की रात्रि मे सभी ताजियों का शहर गश्त होगा। एंव गश्त के बाद ताजिया-कदीमी मकानों में रखे जायेंगे। आज 26 जून 2026 दिन शुक्रवार की रात्री मे सभी ताजिया- जहूरा झण्डा चौक पर एकत्रित होंगे। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद ताजियों- जहूरों का जमादार तालाब में विसर्जन होगा। टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने सभी से त्योहार मिलजुल कर आपसी सदभाव पूर्ण माहौल में मनाने एवं शासन-प्रशासन की गाइड लाईन का पालन करने की बात बैठक में कही।

# नसेनी लगाकर घर में घुसे, खिड़की काट कर लाखों की चोरी, सोते रहे मकान मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

**दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी इलाके में अज्ञात चोरों ने बेहद शातिराना अंदाज में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। सरस्वती स्कूल के पास स्थित राजेश सिंह लोधी के घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात नशेनी (सीढ़ी) के सहारे मकान में चढ़कर लोहे की खिड़की काटी और घर के अंदर प्रवेश किया।**

चौंकाने वाली बात यह रही कि मकान मालिक पास के कमरे में सोते रहे और चोर दूसरे कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर करीब 1 लाख 90 हजार रुपये नकद और लगभग 10 तोला सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह जब मकान मालिक जागे और अलमारी के टूटे ताले देखे तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल और बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए डॉग स्क्वॉड, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और साइबर टीम को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने वारदात से पहले घर की रेकी की थी और पूरी योजना के तहत पेशेवर तरीके से चोरी को अंजाम दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही चोरों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

**तारादेही की और वापस आ रहे तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी सहित तहसीलदार ने की मदद, पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र, डाक्टरों ने किया मृत घोषित, पुलिस कर रही मामले की जांच**

# पिता को स्कूल से वापस लेकर आ रहे बाइक सवार पुत्र पर पेड़ की डाल गिरने से मौत शिक्षक, पिता सुरक्षित

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की शाम साढ़े 7 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर एक बाइक सवार युवक पर जामुन के पेड़ की डाल टूटकर गिरने से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी ली घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शिवम पिता फूल सींग लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 तेंदूखेड़ा है जो शाम को अपने पिता शिक्षक फूल सींग



लोधी के साथ समनापुर स्कूल से वापस अपने घर तेंदूखेड़ा आ रहे थे तारादेही मार्ग पर स्थित दरौली गांव के पास सड़क किनारे लगे जामुन के पेड़ की डाल टूटकर शिवम के ऊपर जा गिरी जिससे शुभम और पिता शिक्षक फूल सींग बाइक सहित गिर गए जहां राहगीरों द्वारा उठाकर बैठाया और घटना की सूचना 108 वाहन को दी गई 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने शिवम लोधी को मृत घोषित कर दिया इस हादसे में शिक्षक पिता फूल सींग लोधी सुरक्षित है शिक्षक पिता फूल सींग लोधी समनापुर में मिडिल स्कूल में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं ।

### एसडीएम ने पहुंचा स्वास्थ्य केंद्र

तारादेही की और वापस लौट रहे तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी ने घायलो की मदद करते हुए बाइक सवार पुत्र व शिक्षक पिता को घटनास्थल से 108 वाहन की मदद से इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया और साथ में एसडीएम और तहसीलदार भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डाक्टरों को इलाज करने को कहा डाक्टरों ने जांच उपरांत शिवम को मृत घोषित कर दिया एसडीएम द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी गई इस दौरान तेंदूखेड़ा तहसीलदार विवेक व्यास भी साथ में थे एसडीएम द्वारा हादसे का दुख जताया ।

### पिता को स्कूल लेकर जाता था शिवम

स्वास्थ्य केंद्र पहुंच अन्य शिक्षकों एवं परिजनों ने बताया कि शिवम हर दिन अपने पिता को बाइक से स्कूल लेकर समनापुर जाता था और शाम को वापस घर लेकर आता शिवम दिनभर पिता के साथ स्कूल में ही रुकता था और शाम को छुट्टी के बाद वापस घर शिक्षक पिता को लेकर आता था शिवम का पैतृक गांव बिलतरा जो तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है । पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा एवं शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जाएगा थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वर्षो से बुर्राक बना रहे

# कौमी एकता की मिसाल बन गये हैं गुलाब ठाकुर



**हिण्डोरिया।** हजरत इमाम- हुसैन रजि. एवं करबला के शहीदों की अजीमुश्शान कुरबानी की याद मे मुस्लिम भाईयों व्दारा मुहर्रम पर्व एक ओर जहां पूरी विश्व में मनाया जाता है। लेकिन भारत वर्ष मे इस त्योहार के दौरान गंगा जमुनी तहजीब की अनेकानेक झलकें देखने एवं सुनने को मिलती हैं। इस पर्व मे मुस्लिम भाईयों की तरफ से आजादी के पूर्व से स्थानीय कलाकारों के व्दारा ताजियों, जहूरों का निर्माण किया जाता रहा है। नगर मे बुर्राक बनाने की सदियों से परमपरा चली आ रही है। यह ताजिया, जहूरा एवं बुर्राक निर्माण का कार्य तब और खास बन जाता है । जब हिडोरिया मे इनके निर्माण कार्य मे कलाकारों मे कौमी एकता देखने को मिलती है। नगर मे बुर्राक बनाने का सबसे कठिन कार्य करीब बीस वर्ष से अधिक समय से टिकुरिया मुहल्ला हिडोरिया निवासी गुलाब सिंह ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। उनके करकमलों से निर्मित बुर्राक हर साल मुहर्रम के दिन ताजीयों के साथ मकानों पर रखी जाती है। गुलाब सिंह व्दारा निर्मित बुर्राक को देखने के लिए नगर सहित आसपास अनेक हिन्दू मुस्लिम भाई बहिन बच्चे आते हैं। उनकी कलाकारी की सभी सराहना करते है। निः स्वार्थ भाव से बुर्राक बनाने के इस पुनीत कार्य मे गुलाब ठाकुर को लगभग एक माह लग जाता है। इस काम को ये बडी लगन, आस्था एवं सिद्दत के साथ करते है। आज 26 जून 2026 याने दस मुहर्रम पर्व मे उनकी अदभुत कलाकारी के पुनः सभी को देखने मिलेगी।

# शादी का निमंत्रण देने गए पिता की सड़क हादसे में मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं आमजन के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं ताजा मामला बुधवार देर रात सामने आया है जब बड़ी बेटी की शादी का निमंत्रण देने गए एक पिता की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रामबहादुर गौड़ 45 वर्ष , पिता कल्लू गौड़, निवासी ग्राम गाड़ाघाट, थाना पाटन, जिला जबलपुर, अपनी बड़ी बेटी की 27 जून को होने वाली शादी का निमंत्रण देने के लिए तेजगढ़ गए थे जहां से देर रात घर वापस लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में रामबहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी के विवाह की तैयारियों में जुटा परिवार इस दुखद घटना से सदमे में है। क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले लगभग छह माह में क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 30 लोगों की असमय मौत हो चुकी है। इन हादसों में महिला, पुरुष और बच्चे सभी शामिल हैं। बीते पांच वर्षों से क्षेत्र में दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है और शायद ही कोई सप्ताह ऐसा गुजरता हो जब दो-तीन सड़क दुर्घटना सामने न आती हो। वर्ष 2024 में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा कई स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया था। इन स्थानों का निरीक्षण करने भोपाल से विशेषज्ञों की टीम भी पहुंची थी, लेकिन स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निरीक्षण के बाद अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया है। क्षेत्र के प्रमुख ब्लैक स्पॉटों में नरगुँवा घाट तेंदूखेड़ा से दमोह सीमा जबलपुर तरफ ,पंडा बाबा के समीप का क्षेत्र, तारादेही मार्ग पर धनगौर टेक, झलौन मार्ग पर नागबाबा के पास , बम्हौरी पाँजी टेक से झलौन तक का मार्ग शामिल है। विशेष रूप से बम्हौरी पाँजी से झलौन मार्ग पर सड़क किनारे स्थित पेड़ों के कारण कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब तक कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाया गया है। सबसे अधिक दुर्घटनाएं तेंदूखेड़ा से जबलपुर मार्ग पर दमोह सीमा तक के लगभग 15 किलोमीटर लंबे हिस्से में होती हैं। स्थानीय लोगों कपिल कुमार, अनिल कुमार गुड्डू दुबे ,राजकुमार का कहना है कि केवल पिछले छह माह में इस मार्ग पर करीब 20 लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। और तीन गंभीर घायल हुए जिसमें एक मासूम भी शामिल है वहीं बुधवार रात रामबहादुर गौड़ की मौत ने एक और परिवार को गहरे दुख में डुबो दिया। इसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है इससे पहले जनवरी माह में राजेंद्र गौड़ नामक व्यक्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। अप्रैल में गेहूं से भरे ट्रैक्टर को एक कंटेनर ने टक्कर मार दी थी, जिससे ट्रैक्टर पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी तरह नागबाबा के पास भी दूसरे नंबर पर दुर्घटनाएं घटित होती हैं सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं अंधे मोड़ एवं पेड़ों की वजह से होती हैं जब तेज रफ्तार वाहन इन पेड़ों से टकराकर दुर्घटना को अंजाम देते हैं विशेषज्ञों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में अंधे मोड़, पर्याप्त संकेतकों का अभाव, तेज रफ्तार वाहन, दोपहिया चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग न करना, यातायात नियमों की अनदेखी तथा नशे की हालत में वाहन चलाना शामिल हैं। साथ ही नियमित वाहन जांच, प्रभावी चालानी कार्रवाई और जनजागरूकता अभियानों की कमी भी दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। क्षेत्रीय नागरिकों गोविंद राय ,ललित रजक, गोविंद सिंह ठाकुर, राजकुमार लोधी ,महेश मंगलम, सोनू राय, ने प्रशासन से ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड कंट्रोल उपाय और सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाएं शीघ्र लागू करने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने कहा कि केवल स्पीड ब्रेकर बनाना दुर्घटनाओं का स्थायी समाधान नहीं है उन्होंने बताया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर आवश्यक संकेतक, चेतावनी बोर्ड तथा अन्य सुरक्षा उपायों के संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।